Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
APEM LIVE NEWS सच का साथी
दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 12-02-2022 | अंक 139
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सूचना


अब्दुल मन्नान वारसी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कल दिनांक 13 फरवरी को बरही विधायक उमाशंकर अकेला, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा एवं कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कोमरेड कृष्णा कुमार के द्वारा संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस 11: 30 बजे एन एच आई बी बरही में किया जाएगा। इस बात की जानकारी कॉंग्रेस के जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी ने दी है।

## रूपेश पांडेय को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक होगा आंदोलन , पीड़ित परिवार के साथ हैं हम : बाबुलाल मरांडी

### पूर्व विधायक मनोज यादव के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व सीएम बाबुलाल मरांडी व सांसद जयंत सिन्हा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

नई टांड के मॉबलीचिंग के शिकार रूपेश पांडेय की हत्या के बाद राज नेताओं एवं हिन्दू संगठन के नेताओं का आना लगातार जारी है। शनिवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा विधायक दल के नेता बाबुलाल मरांडी भी सांसद जयंत सिन्हा, सदर विधायक मनीष जयसवाल, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक जानकी यादव, योगेंद्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं युवा नेता रितेश गुप्ता के साथ पीड़ित परिवार से मिलने नईटण्ड पहुंचे। सभी ने स्व रूपेश पांडेय के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें न्याय दिलाने की संकल्प लिया। सभी नेताओं ने शोक. ाकुल परिवार की प्रति संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिए। पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी ने पीड़ित परिवार से घटनाक्रम की जानकारी ली। जिसमे बताया गया कि घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस के द्वारा मृतक के परिजन से बयान तक दर्ज नही की गई। उप. स्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि वर्तमान सरकार में विधि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एक खास वर्ग के लोगों के द्वारा बहुसंख्यक वर्ग के लोगो को टारगेट कर म०बल. ीचिंग कर हत्या जैसे जघन्य अपराध किए जा रहे है। हैरानी की बात है कि रूपेश पांडेय की हत्या के छह दिन बाद 27 नामजदों में मात्र 5 लोगों की ही गिरफ्तारी की गई है। इससे पता चलता है कि प्रशासन इस मामले में गंभीर नही है। रूपेश को न्याय दिलाने के लिए अब बरही ही नही बल्कि पूरे झारखण्ड में जन आंदोलन होगा। सांसद जयंत सिन्हा ने घटना को म०बलीचिंग करार देते हुए अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तारी के लिए लोकसभा में आवाज उठाने की बात कही। सदर विधायक मनीष जयसवाल ने चेतावनी भरे लहजो में प्रशासन से कहा कि यदि रूपेश के हत्यारों को 12वां तक गिरफ्तार नही किया गया तो निश्चित ही जन आंदोलन होगा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा हम सब रूपेश को न्याय दिलाने के वचनवद्ध हैं। प्रशासन जल्द ही शेष बचे अभियुक्तों को गिरफ्तार करे। फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित कर दोषियों को सजा मिले। कार्यक्रम का संचालन भाजपा राज्य मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी एवं जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। मौके पर पर रूपेश के पिता सिकंदर पांडेय, मां उर्मिला देवी, चाचा नागेंद्र पांडेय, अनिल पांडेय, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, भा. जपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, , सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मण्डल अध्यक्ष अमित कुमार साहू, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी, कुंदन पांडेय, डोमन पांडेय, कमलशंकर पंडित, सागर चंद्रवंशी, संतोष रजवार, अनुज यादव, नागेंद्र पांडेय, सुनील पांडेय, भाजपा नेता डोमन पांडेय, युवा नेता रितश गुप्ता, भाजयुमो जिला महामंत्री अजय दुबे, सामा. जिक कार्यकर्ता संजय यादव, आकाश राज, मनितोष यादव, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रितेश केशरवानी, मुखिया हरेंद्र गोप, मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव, अभिषेक कुमार केशरी, उदय पंडित, छोटी भुइयाँ समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।


परिजनों से वार्ता करते पूर्व सीएम बाबुलाल मरांडी , जयंत सिन्हा एवं अन्य




## एकादश कार्यक्रम में दुगोला का आयोजन, समाजसेवी किशुन यादव हुए शामिल



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के ओरपरता में स्व बुधनी मोसोमात की आत्मा के शांति के लिए एकादश में दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी किशुन यादव ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घटान किया। दुगोला कार्यक्रम में गायक दयानंद यादव एवं अशोक राणा के बीच टक्कर रहा। मौके पर बासुदेव यादव, बिहारी यादव, विजय यादव, भुनेश्वर यादव, युवराज यादव, संतोष राणा, प्रकाश यादव, प्रभु यादव एवं बारीक यादव मुख्य रुप से शामिल रहे।




## नियमित एमडीटी दवा के सेवन से पूर्णतः ठीक हो जाता है कुष्ठ रोगः डॉ प्रकाश ज्ञानी

### अनुमंडलीय अस्पताल बरही में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन,

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, हज़ारीबाग़ से आए डॉ कुमार रंजन एवं समीर कुमार ने कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण एवं उपचार की जानकारी दी। ड० प्रकाश ज्ञानी ने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कुष्ठ जीवाणु से फैलने वाला रोग है। यदि समय पर इसका इलाज किया जाय तो निश्चित ही कुष्ठ पूरी तरह से ठीक हो जाएगा। इसके लिए एमडीटी दवा का सेवन जरूरी है, जो सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है। कुष्ठ रोग के लक्षण की जानकारी देते हुए ड० कुमार रंजन ने कहा कि यदि शरीर के किसी भी हिस्से के त्वचा पर हल्के फीके ला. लिमा का दाग हो और उस स्थान पर सूनापन हो तो उन्हें कुष्ठ हो सकता है। वहीं चमड़े पर दाग हो और वहां सूनापन हो तो वह कुष्ठ रोग का लक्षण है। इसके लिए सभी सरकारी अस्पताल में निशुल्क जांच एवं दवा की व्यवस्था है। कहा कि इसमे लापरवाही घातक सिद्ध हो सकता है। क्योंकि समय पर इलाज नही कराने पर यह पूरे शरीर मे फैल सकता है। मौके पर समीर कुमार उपेंद्र कुमार बीपीएम नारायण राम विनय कुमार सिन्हा विजेंद्र कुमार पंकज कुमार आजाद जावेद अख्तर संतोष कुमार संजय कुमार राजेश यादव सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।



9122222016 बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## हनुमन्त महोत्सव बिगहा पहुँचे हुए पूर्व सीएम मराण्डी

### बिगहा मंदिर कि भव्यता व सुंदरता ने किया आकर्षित : बाबुलाल मराण्डी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




राज्य के पूर्व सीएम सह भाजपा विधायक दल नेता बाबुलाल मराण्डी पहुंचे चौपारण। बिगहा स्थित राजा गढ़ परिसर में आयोजित श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह हनुमंत महायज्ञ द्वितीय वार्षिक महोत्सव में बाबुलाल मराण्डी अपने दल बल के साथ पहुँच संकट मोचन भगवान हनुमान से लिया आशीर्वाद। इस दौरान हनुमन्त सेवा संस्थान के सक्रिय सदस्यों ने पूर्व सीएम के अलावे सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह, सह मीडिया प्रभारी रंजीत चनद्रवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव आदि को श्रीराम का पट्टा व हनुमन्त संस्थान का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभा को सम्बोधित करते हुए श्री मराण्डी ने कहा कि बिगहा मंदिर की भव्यता व सुंदरता ने काफी आकर्षित किया। मंदिर में आने के बाद मन को शान्ती मिला। हनुमन्त संस्थान को बधाई देते हुए कहा मौका मिला तो दुबारा जरूर आऊंगा। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हनुमंत सेवा संस्थान के सदस्यों के भक्ति भाव को देख मन प्रसन्न हो उठता है। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि बिगहा का हनुमान मंदिर प्रखण्ड में प्रसिद्धि हाशिल किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार शशि शेखर ने किया। इससे पूर्व अतिथियो का चनद्रवंशी भवन में समाज के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, राजेन्द्र चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी प्रमण्डल प्रभारी किसुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव, जीप सदस्य रामस्वरूप पा. सवान, समाजसेवी संजय सिंह, प्रभात सिंह, रामचंद्र सिंह, विजय गुप्ता, आशीष गुप्ता, युवा नेता कृष्णा यादव सहित अन्य।

## विष्णुगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्र)ांजलि देते भाजपा कार्यकर्ता

भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल ने प्रखंड मुख्यालय विष्णुगढ़ बी॰पी॰मेमोरियल स्कूल में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के वृतचित्र के आगे दीपप्रज्वलित कर ,माल्यार्पण कर उनको याद कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की । पुण्यतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी भारत की एक ऐसी हस्ती थी, जिन्होंने अपने कार्यो एवं विचारों से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया. ये पेशे से एक महान राजनेता थे। जोकि भारतीय जन संघ नामक बड़ी पार्टी के अध्यक्ष थे।इसे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नाम से जाना जाता है।उन्होंने भारत की आ. जादी के बाद लोकतंत्र को अलग परिभाषा देते हुए देश के निर्माण के लिए कई कार्य किये, जिससे वे आज भी स्मरणीय हैं। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन गुप्ता,जजिला प्रवक्ता सुरेश राम,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,पिंकी देवी, महामंत्री गुरु प्रसाद साव,मीडिया प्रभारी जीवन सोनी,महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी ,महामंत्री उषा देवी, गायत्री देवी,सविता देवी,किसान अशोक मंडल,भाजयुमो अध्यक्ष संजय कुमार महतो, मंत्री नीतीश कुमार बर्णवाल,कन्हाई यादव,अनुसूचित जाति मा. ेर्चा महामंत्री भीम राम,सुखदेव मंडल,नंदलाल पासवान, टेकलाल राम, सुरेश राम,हेमलाल साव,सं तोष पासवान,देवशरण यादव,पोखन महतो,सोमर महतो,नागेश्वर चौधरी,केशु महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे

## आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत आरटीआई से मांगी जानकारी

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


महताब हुसैन

झामुमो नेता महताब हुसैन ने विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय से "आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार" अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों की वस्. तुस्थिति के लिए आरटीआई से जानकारी मांगी है। जिसमें प्रखण्ड के 24 पंचायतों के सभी 99 मौजा द्वारा दिए गए आवेदन की सूचना मांगी गई है। जमा. बंदी दर्ज करने से संबंधित कितने आवेदन प्राप्त हुए और कितनों का निष्पादन हुआ, कितना शेष है। दूसरा, अ०नलाइन राशीद निर्गत करने से संबंधित कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितना शेष है। तीसरा पंजी 2 में खेसरा संख्या दर्ज करने से संबंधित कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितनो का निष्पादन हुआ, कितना शेष है। चौथा दाखिल खारिज करने से संबंधित कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितनो का निष्पादन हुआ, कितना शेष है। पांचवां, फ़टे पंजी को बहाल करने से संबंधित कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितनो का निष्पादन हुआ, कितना शेष है। छठा, एलपीसी से संबंधित कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितना शेष है। सातवां, पारिवारिक सूची से संबंधित कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितनो का निष्पादन हुआ, कितना रिजेक्ट हुआ, कितना शेष है। तथा आठवां, खतियान अ०नलाइन करने से संबंधित कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितनों का निष्पादन किया गया, कितना शेष है। झाम. ुमो नेता महताब हुसैन ने कहा कि आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मुख्यमंत्री का एक महत्वाकांक्षी अभियान था, परंतु अंचल कार्यालय द्वारा आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार में प्राप्त हुए आवेदनों को निष्पादित करने में भारी लापरवाही बरती गई है। शिविर में जो आवेदन प्राप्त हुए, उनमें से बहुत सारे आवेदनों की अ०नलाइन एंट्री तक नहीं हुई है। ऐसे मामले सामने आ रहे है, जिसमे रैयतों को मैसेज आ रहे हैं कि केस डिस्पोज हो गया है। लेकिन वास्तव में उस आवेदन पर कुछ कार्यवाही ही नहीं हुई है। ऐसे कई मामले प्रकाश में आए हैं। सूचना आने के पश्चात सारे मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में देने का काम किया जाएगा।

## प्लस टू उच्च विद्यालय भवन निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, मुखिया ने किया निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


निर्माणधीन भवन का निरीक्षण करते मुखिया एवं अन्य


मिट्टी से भरा गिट्टी

गौरिया कर्मा में लाखों रुपये के लागत से बन रहे प्लस टू उच्च विद्यालय भवन निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप गौरिया कर्मा पंचायत के मुखिया मनोज कुमार एवं सामाजिक संगठन जनसेवा समाज विकास परिषद ने लगाया है। शनिवार को मुखिया मनोज कुमार ने निर्माणाधीन विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेंद्र मेहता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि संवेदक निर्माण कार्य मे मनमानी कर रहा है। घटिया एवं थर्ड क्लास की सामग्री लगा रहा है। विदयालय के अध्यक्ष राजू मेहता ने बताया कि एक साल पुराना पत्थर बन सीमेंट से फर्श की ढलाई किया जा रहा है। ढलाई के लिए उपयोग में लाया जा रहा गिट्टी में मिट्टी का काफी अंश मिला। वही मिट्टी युक्त बालू का उपयोग किया जा रहा है जिससे कभी प्लास्टर में दरार पड़ सकता है। आरोप है कि भवन की ढलाई एवं प्लास्टर में नान रेकमेंड लोकल सीमेंट का उपयोग किया गया है। आरोप है कि कई बार मना किया गया। लेकिन संवेदक विभागीय पदाधिक. ारियों के मिलीभगत से जबरन घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि संवेदक जावेद अंसारी एवं जेई रंजीत सिंह ने आरोप को नि. राधार एवं बेबुनियाद बताया। कहा कि इस्टीमेट के अनुसार ही काम किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मौके पर मुखिया मनोज कुमार, उप मुखिया आशीष पासवन, अध्यक्ष महेंद्र मेहता, जनसेवा समाज विकास परिषद के अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, सुरेंद्र कुशवाहा, मनीष चन्द्रवंशी, मुंशी कुमार, मो क्यूम अंसारी, अमित दास, सुमन कुमार आदि लोग मौजूद थे।।

## चलकुशा में तीन दिवसीय जमीन नामांतरण शिविर

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अंचला. धिकारी शशीकांत सिंकर ने कहा कि झारखंड सरकार के ज्ञापक 32/22 के द्वारा प्राप्त दिनांक 4-1-2022 को मुख्य सचिव झारखंड की अध्यक्षता में 8-2-2022 को उपायुक्त हजारीबाग में आहूत समीक्षात्मक बैठक उपायुक्त हजारीबाग द्वारा खतियान रैयत के उत्तरा. धिकारी ओं एवं आपसी बटवारा के आधार नामांतरण से संबंधित मामलों में तीव्रता लाने हेतु जिला अंतर्गत सभी अंचलों में विशेष शिविर कराने का निर्णय लिया गया। अंचला. धिकारी ने कहा कि चल कुसा प्रखंड मुख्यालय भवन में दिनांक 14 -02-22 एवं 17-02-22 एवं 21-02-22 को अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर के देखरेख में तीन दिवसीय नामांतरण कैंप सीआई सतेंद्र कुमार दास राज्यसव पदा. धिकारी के द्वारा बंटवारे के आधार पर नामांतरण किया जाएगा आपसी बटवारा का न्यायालय द्वारा संबंधित राजसव ग्राम प्रधान व मुखिया वंशावली पंजी 2 के रैयत का मृत्यु प्रमाण पत्र अथवा मुखिया द्वारा सत्यापित प्रति लाकर अपना खतियान के अनुसार या अपने अपने हिस्से का जमीन नामांतरण करा सकते हैं।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# जंगल की जमीन पर भूमाफियाओं का पैनी नजर

## सदर अंचल के भयपुर के डिमार्केशन की जमीन को भूमाफियाओं से मोटी रकम लेकर कर दिया गया था रजिस्ट्री

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**









कान्हाचट्टी : एक ऐसे पदाधिकारी जिन्हें किन्ही भी वरीय अधिकारी से डर है और ना ही सरकार से कोई भय ।उनका काम करने का तरीका भी अपने मन बुताबिक होता था ।मन जो कहता है वही वे पदाधिकारी करते हैं ।उन्हें राज्य सरकार ये ऊंचे ओहदेदारों से अच्छी पकड़ थी लगता है जिसके कारण उन पर जंगल की जमीन को भूमाफियाओं से मिल कर बेच दिया,लेक्जन उन्हें ना ही वन विभाग कुछ कर सका और ना ही जिला प्रशासन से कोई कार्रवाई हुई।. और शान से वे मन मुताबिक जगह पर चतरा से स्थानान्तरण भी करवा लिए ।जी मैं बात कर रहा हूँ चतरा के तत्कालीन अवर निबंधन पदाधिकारी बालेश्वर पटेल की जिन्होंने मन. मानी तरीके से जिले के कई गै़रमजरूवा और फारेस्ट की जमीन को गलत तरीके अपना कर जमीन की रजिस्ट्री कर दी ।बताते चलें कि श्री पटेल चतरा के अवर निबंधन कार्यालय में निबंधन पदाधिकारी के पद पर रहते हुए जिले भर के कई ऐसे ऐसे जमीन की रजिस्ट्री किए जिस पर सरकार द्वारा रोक लगाया जा चुका है ।इससे स्पष्ट है कि पटेल अपने मन मर्जी से ही निबंधन कार्यालय चला रहे है ।इतना ही नहीं वन विभाग से डी एफ ओ के नाम से फर्जी एन ओ सी भी बनाकर जंगल के जमीन की रजिस्ट्री किया और जंगल के जमीन की रजिस्ट्री में और एन ओ सी बनवाने में मोटी रकम का भी खेल खेला।

क्या है मामला : मामला सदर अंचल के भयपुर जंगल की जमीन की है ।भयपुर के खाता नम्बर 18 प्ल०ट नम्बर 173 की रकवा 4 एकड़ 60 डिसमिल जमीन की है ।ऊक्त जमीन को गलत तरीके से पहले रामगुलेल सिंह और बेचू सिंह के नाम से बंदोबस्त बताया ।उसके बाद ऊक्त जमीन को तिलकधारी सिंह के नाम से रजिस्टर टू में चढ़वाया और फिर वन विभाग के उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर से जंगल के जमीन का अन्नपत्ति प्रमाणपत्र भी निर्गत कर ऊक्त जमीन की रजिस्ट्री जमीन विक्रेता से मोटी रकम लेकर क्रेता को लिख दिया।

वन विभाग खाता 18 की ऊक्त जमीन की रजिस्ट्री नहीं करने का पत्र भी किया था जारी;– वन विभाग भयपुर के खाता 18 प्लॉट 173 के 4 एकड़ 15 डिसमिल जमीन को खरीद बिक्री नहीं करने से सम्बंधित लेटर भी रजिस्ट्री अ०फिस, सी ओ एवं अन्य कार्यालय को दे चुकी है ।बावजूद रजिस्टार बा. लेश्वर पटेल की दिलेरी कहा जाए कि जिसने एक आई एफ एस के नाम पर फर्जी एन ओ सी के आधार पर जमीन की रजिस्ट्री कर देता है ।अर्थात पैसे की खेल में पटेल जम कर हिस्सा ले रखे हैं।

कौन है इस जमीन के दलाल जिनके इशारे पर जमीन का एन ओ सी जारी कर हुआ रजिस्ट्रीरू–ऊक्त खाते प्ल०टवके असली दलाल या भूमाफिया गिधौर थाना क्षेत्र के पिण्डारक. ोन गांव निवासी संजय सिंह पिता चंद्रदेव सिंह है ।जिसने पहले सदर अंचल के भयपुर ऊंटा से कान्हाचट्टी जाने वाली सड़क के खाता 18 प्ल०ट नम्बर 173 रकवा 4 एकड़ 60 डिसमिल जंगल के जमीन को अपना रैयती बताकर और वन प्रमंडल पदाधिकारी के नाम से फर्जी सिग्नेचर कर के एन ओ सी जारी करवाया और रजिस्ट्रार से मिली भगत कर जमीन को बेच डाला ।संजय सिंह ने नाना के नाम से जमीन होने की बात करते हुए जमीन को संजय की माँ रुदो देवी एवं संजय के मौसेरा भाई की पत्नी ने जमीन की जिस्ट्री कर दिया।

कौन किसको लिखा जमीन,और कौन है विक्रेतारू– सदर अंचल के भयपुर के खाता नम्बर 18 के प्ल०ट 173 रकवा लगभग 4 एकड़ 60 डिसमिल जमीन को तिलकधारी सिंह की पुत्री और संजय सिंह की माँ पिण्डारकोन निवासी रुदो देवी,एवं कान्हाचट्टी अंचल के चौनपुर निवासी ब०बी देवी पति मनोज सिंह ने रामबृक्ष यादव को 19 काळा एवं 5 काळा कुल मिला कर 25 काळा लगभग जमीन की रजिस्ट्री किये हैं ।मजे की बात तो ये है कि इस खेल में रजिस्ट्रार के साथ एक विकलांग ब्यक्ति एवं रजिस्ट्री आफिस के कुछ कर्मी के मिली भगत से ये कार्य सम्भव हुआ है।

वन विभाग के किरानी मनीष कुमार के मिली भगत से बनाया एन ओ सी और फर्जी तरीके से एन ओ सी बनाकर करवाया जमीन की रजिस्ट्री :–सदर अंचल के भयपुर जंगल की खाता संख्या 18 प्ल०ट संख्या 173 रकवा 4 एकड़ 60 डिसमिल जमीन को उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और दिनांक7/9/2021, पत्रांक 1654 डलवाकर जमीन की किया गया है रजिस्ट्री ।वन विभाग का कहना है कि मेरे कार्यालय से कोई एन ओ सी जारी नहीं हुआ है तो आखिर किरानी मनीष कुमार का काउंटर साइन कैसे हुआ है ।इसमें मनीष कुमार की मिली भगत का ही मामला उजागर हो रहा है ।चुकी उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि मैं अपने कार्यालय से कोई एन ओ सी भी जारी नहीं किया है और ना ही दिनांक पत्रांक दिया है।

क्या है केवाला संख्या और किनके नाम से है केवाला रू– ऊक्त खाते प्ल०ट की केवाला सितंबर माह में हुआ है ।जिसका केवाला संख्या 2021/CHAT@2910@BKI @2856,जिसमे विक्रेता रुदो देवी पति चन्द्रदेव सिंह है और क्रेता रामबृक्ष यादव,है जिसके नाम से ऊक्त केवाला में एक लाख चालीस हजार में 24 डिसमिल जंगल की जमीन का रजिस्ट्री कराया है ।वहीं केवाला संख्या 2021/CHAT@2912@BKI @2858 दिनांक 16 सितंबर 2021 है ।जिसमे बेबी देवी पति स्व.मनोज सिंह है जिसने ओम प्रकाश वर्मा और राम प्रकाश वर्मा के नाम से उनचास लाख में 76 डिसमिल जंगल की जमीन को खरीद बिक्री किया है। जिसमे पहचान के रूप में जमीन का असली दलाल संजय सिंह ही हुआ है।

यदि जंगल का है जमीन तो विभाग अब तक क्यो है मौनरू– इधर ग्रामीणों का कहना है कि यदि जमीन जंगल की है और वन विभाग जमीन रजिस्ट्री नहीं करने का पत्र दिया है तो रजिस्ट्री के बाद गलत एन ओ सी देने वाले मनीष कुमार किरानी,दलाल संजय सिंह और रजिस्ट्रार बा. लेश्वर पटेल पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही हैं ।कार्रवाई नहीं होने के कारण ग्रामीण वन विभाग की मिली भगत की बात कर रहे हैं।

क्या कहे थे उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी रू– चतरा उतरी वन प्रमंडल के भयपुर जंगल(ऊंटा से कान्हाचट्टी वाली सड़क के किनारे)के खाता संख्या 18 प्लॉट नम्बर 173 रकवा 4 एकड़ 60 डिसमिल जमीन की खरीद बिक्री पर रोक के लिए अंचल,निबंधन पदाधिकारी एवं अन्य वरीय कार्यालयों में पत्र दे चुके हैं ।बावजूद रजिस्ट्री करना दुर्भाग्य की बात हैं ।वही सूचना मिली है कि ऊक्त खाते प्ल०ट की जमीन की बिक्री में मेरे कार्यालय के नाम से और मेरे हस्ताक्षर का फर्जी एन ओ सी जारी कर फर्जीवाड़े की गई है ।मैं इसके लिए उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक को लेटर दे चुका हूं ।और गलत करने वाले भूमाफिया और सरकारी मुजा. लिमो पर एफ आई आर भी दर्ज करा दिया हूँ ।वैसे ऊक्त खाते की जमीन जंगल की है जो उस पर अतिक्रमण करेगा उस पर मुकदमा भी दर्ज होगा और जेल भी जाएगा।

खबरो के लिए संपर्क करें: 9550809864

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जुगरा में रैदास जयंती को लेकर बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : प्रखंड के चेपाकला पंचायत के जुगरा में संत शिरोमणि गुरु रैदास जयंती को लेकर रविदास समाज की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बाजो राम एवं संचालक जोगेश्वर राम ने किया। बैठक में 16 फरवरी को संत शिरोमणि गुरु रैदास जयंती मनाने का निर्णय लिया गया।सर्व समिति से पूजा समिति का गठन की गई। जिसमें अध्यक्ष राजेश राम, उपाध्याय अरुण रंजन, सचिव टीभर राम, उपसचिव रुपु राम, कोषाध्यक्ष प्रदीप राम, उप कोषाध्यक्ष विजय राम, संयोजक बाजो राम एवं जोगेश्वर राम, संरक्षक सुरेश राम, प्रेमनाथ राम, सुरेंद्र राम प्रकाश कुमार वहीं कार्यकारिणी सदस्य किशोर रंजन, संदीप कुमार,चलितर कुमार, सिकंदर कुमार, दीपक कुमार, अजय राम, दिनेश राम, बासुदेव राम, दिलीप राम, जानकी राम, राजू राम, रविंद्र कुमार, राजेंद्र राम, बादल रंजन को बनाया गया।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का बड़ा बाजार चौक के युवाओं ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हज़ारीबाग़ :झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के हजारीबाग आगमन पर बड़ा बाजार चौक के युवाओं के द्वारा शॉल एवं फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। युवाओं में विशाल खंडेलवाल, रितेश खंडेलवाल, अतिशय जैन एवं कई बड़ा बाजार चौक के युवा साथी मौजूद थे। मौके पर विशाल खंडेलवाल ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का शनिवार को कोनार पुल के समीप बड़ा बाजार चौक के युवाओं के द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया उन्होंने बताया कि बाबूलाल मरांडी बरही में हुए रुपेश पांडे के परिजनों से मुलाकात करने जा रहे थे इसी क्रम में उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया।

## जन सेवा परिषद के द्वारा जल जीवन मिशन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : आईएसए जन सेवा परिषद के द्वारा जल जीवन मिशन को लेकर जागरूक किया गया। बड़कागांव प्रखंड के पश्चिमी पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय आईएसए जन सेवा परिषद का जागरूकता कार्यक्रम अनीता देवी के नेतृत्व में हुआ जिसका संच. ालन गुनेश्वर कुमार ने किया। बैठक में लोगों को जल जीवन मिशन के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए जागरूक किया गया। वही बड़कागांव पूर्वी मध्य पश्चिमी पंचायत को मिलाकर एक पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष मुखिया कैलाश राणा, सचिव मुखिया अनीता देवी, कोषाध्यक्ष नीतू देवी एवं सदस्य रेनू कुमारी ,सावित्री देवी, मंजू देवी, पिंकी देवी ,संदीप कुमार ,विशाल कुमार को चयन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से परियोजना प्रबंधन लक्ष्मण गुप्ता, गुलेश्वर कुमार ,मेघनाथ महतो, रंजीत कुमार चौबे इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## अभाविप का दो दिवसीय22वां प्रांतीय अधिवेशन इस्पात नगरी बोकारो में शुरू

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




अभाविप झारखंड के 22वें प्रदेश अधिवेशन का विधिवत उद्घाटन केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति आदरणीय श्री के.बी दास जी , आदरणीय राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री श्री श्री. निवास जी प्रांत अध्यक्ष डॉ० नाथू गाड़ी ,प्रान्त मंत्री राजीव रंजन देव पांडेय के द्वारासंयुक्त रूप से दिप प्रज्वल्लित कर किया गया । इस अशिवेशन मे पूरे झारखंड प्रान्त से200 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं जिसमे अपने हजारीबाग से जिला संयोजक दीपक देवराज के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं, जिसमे प्रांत सह मंत्री नवलेश सिंह,राष्ट्रीय कार्यकारणी सदश्य संजय मेहता जी बिभाग संयोजक दीपक मेहता, जिला संयोजक दीपक देवराज,जिला सह संयोजक सोनू राय नगर मंत्री मनदीप यादव, नगर सह मंत्री प्रभात कुमार, जिला जनजातीय कार्य प्रमुख मिलनमुंडा आदि ने भाग लिया

## सांसद ने आई हश्वस्पिटल में किया रेटिना सर्जरी मशीन का शुभारम्भ

### आँख से सम्बंधित सभी बीमारियों का अब होगा समुचित इलाज : जयन्त सिन्हा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल में हजारीबाग सांसद जयन्त सिन्हा व मशीन डोनर डीशडिकॉर कंपनी के प्रबंधक संजय अरोरा आदि ने सामूहिक रूप से रेटिना सर्जरी षविट्रेटोमीष मशीन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए आई हॉस्पिटल निदेशक गंदर्भ गौरव ने बताया कि आदरणीय सांसद महोदय के सराहनीय प्रयास व डीशडिक०र कंपनी के वित्तिय सहयोग से मशीन उपलब्ध कराया गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क सर्जरी व आमलोगों के लिए बहुत कम दामों में सर्जरी किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जयन्त सिंह ने कहा कि आई ह०स्पिटल स्वाथ्य के क्षेत्र में अपना एक अगल पहचान बनाया है। कहा सर्जरी मशीन आने से अब ह०स्पिटल में आँख से संबधित होगा समुचित ईलाज। कहा झारखंड के रे. टिना रोग से ग्रसित गरीब व्यक्तियों के लिए वरदान साबित होगा। मालूम हो कि झारखंड में धनबाद और रांची के बाद चौपारण स्थित एलएनजेपी आंख अस्पताल में यह मशीन उपलब्ध है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, एनबीजेके सचिव सतीश गिरिजा, आंनद अनुपम, डॉ धीरज कुमार विक्रांत, डॉ विशाखा गुप्ता, अस्पताल प्रबंधक संतोष कुमार पूरी, विकान्त सिंह उपस्थित थे।

## अफ्रीकी देश माली के बाद अब मलेशिया में फंसे झारखंड के 30 मजदूर

### सोशल मीडिया के जरिए मजदूरों ने सरकार से लगाई वापसी की गुहार

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



अफ्रीकी देश माली में मजदूरों के 33 मजदूरों के फंसने के बाद काफी जिद्दोजहद से उनकी वतन वापसी का सिलसिला अभी खत्म भी नहीं हुआ है कि एक बार फिर विदेशी धरती पर झारखंड के 30 मजदूरों के फंसने का नया मामला सामने आ गया है। इस बार मजदूर मलेशिया में फंस गए हैं। सभी मजदूर हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह जिले के रहने वाले हैं। फंसे सभी मज. दूरों ने सोशल मीडिया में वीडियो संदेश जारी कर सरकार से वतन वापसी कराने की गुहार लगाई है। वीडियो संदेश में मजदूरों ने कहा है कि सभी मजदूर लीडमास्टर इंजिनियरींग एंड कंस्ट्रक्शन एसडीएन बीएचडी के साथ तीन साल के क०न्ट्रैक्ट पर 30 जनवरी 2019 को काम करने मलेशिया गए थे। वहां मलेशिया की रा. जधानी क्वालालम्पुर के बेंटोंग में कार्यरत थे। बीते 30 जनवरी को तीन साल के एग्रीमेंट वीजा अवधि समाप्त हो चुकी है। बीते चार माह का वेतन भी बकाया है। कंपनी बकाया वेतन देने में आनाकानी कर रही है। इधर, वीजा अवधि भी समाप्त होने से मजदूर पुलिस की नजरों से छिपकर अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। मजदूरो ने कंपनी से बकाया वेतन दिलाने तथा सकुशल वतन वापसी की गुहार भारत व राज्य सरकार से लगाई है। प्रवासी मज. दूरसेवी सिकंदर अली कहते हैं कि इलाके के गरीब मजदूर दलालों के चक्कर में पड़कर विदेशों में फंस जाते हैं। पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं। इस पर सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हैं।फंसे मजदूरो में हजारीबाग जिला के विष्णुगढ प्रखंड जगलाल महतो (चानो), गोविन्द महतो (चानो), चेतलाल महतो (चानो), भुनेश्वर महतो (चानो), मनोज महतो (चानो), लीलो महतो (चानो), सुरेश महतो (मंगरो), गिरधारी महतो (रखवा), प्रकाश कुमार महतो (भेलवारा), तिलेश्वर महतो ( स प म र वा ) प्रदीप कुमार महतो (टुटकी), बोकारो जिले के गोमियां प्रखंड के रोहित महतो (तिसकोपी), प्रेमलाल महतो (तिसकोपी), दशरथ महतो (तिसकोपी), केशु महतो (तिसकोपी), बासुदेव महतो (तिसकोपी), विश्वनाथ महतो (तिसक. ोपी), पुनीत महतो (बडकी सीधाबारा), प्रेमचंद महतो (छोटकी सीधाबारा), टुक. ामन महतो (चिलगो), बो. कारो जिले के नावाडीह प्रखंड के दुलारचंद महतो (महुवाटांड), भुनेश्वर कमार (महुवाटांड), झरी कमार (महुवाटांड) गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के बिनोद कुमार महतो (खेतको), बासुदेव महतो (खेतको), रामेश्वर महतो (खेतको), बुधन महतो (खेतको), गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के बुधदेव प्रसाद (मंगलुअहरा), देवानंद महतो (सेवाटांड), बिनोद महतो (घुटवाली) शामिल हैं।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## 11 हजार वोल्ट विद्युत तार के चपेट में आने से युवक व नीलगाय की मौत, पिता घायल

**अपेम लाईव चंदवारा**
**धीरज कुमार**





चंदवारा थाना क्षेत्र के रेघवाटांड़ में जंगली सुअर को फंसाने के लिए बिछाया गया 11 हजार वोल्ट विद्युत तार के चपेट में आने से युवक और नीलगाय की मौत हो गयी। जबकि युवक के पिता गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना को लेकर मृतक की बहन सीमा कुमारी ने चंदवारा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया है। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि घुटीटांड़ गांव के ओमप्रकाश साव पिता सोभा साव समेत छह सात अन्य लोगों के द्वारा जंगली जानवरों को मारने के उद्देश्य से 11 हजार वोल्ट विद्युत का तार बिछाया गया था। उन्होंने आगे कहा है कि उनलोगों के द्वारा पूर्व में भी तार बिछाया गया था। जिसकी मौखिक शिकायत वन विभाग के पदाधिकारियों को दी गई थी। जिस पर फारेस्ट विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई। शुक्रवार को शाम लगभग सात बजे में ओम प्रकाश साव और छह सात लोग तार लगा रहे थे। जब रात में खेत मे जंगली जानवर आया तो मेरे पिता और भाई उसे भगाने गए। इस दौरान उनका पैर रात के अंधेरे में करंट प्रवाहित तार पर जा पड़ा। जिससे मेरे भाई नितेश कुमार पिता सरयू पंडित उम्र लगभग 17 वर्ष की मौत हो गयी तथा मेरे पिताजी सरयू पंडित पिता बुधन पंडित के शरीर मे जला हुआ निशान था। जिन्हें गांव वालों के सहयोग से हॉस्पिटल भेजा गया व इसकी सूचना चंदवारा थाना को दी गयी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल सिंह, एसआई विनय कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जायजा लिया व मृतक के शव को पोस्टमार्टम करने भेज दिया।

## शिवम आयरन फैक्ट्री में मजदूरों को दी गई एड्स की जानकारी

**अपेम लाईव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



कोडरमा जिला के बांडी दिग्धु स्थित शिवम आयरन फैक्ट्री में झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान में ट्राई–इंडिया एनजीओ की ओर से फैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों के बीच ष्ट्रेनिंग अ०फ इंड. स्ट्रियल वर्कर्स अ०न अवेयरनेस एंड एचआईवी–एड्सष विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार ने एचआईवी–एड्स से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज एचआईवी एड्स से संबंधित लोगों के मन में कई भ्रांतियां हैं, जिसे सही जानकारी देकर दूर किया जा सकता है। उन्होंने प्रवासी मजदूरों से अपील करते हुए कहा कि एचआईवी एक जानलेवा बीमारी है, इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एचआईवी असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित रक्त के चढ़ाने, संक्रमित सुई का सेवन करने तथा गर्भवती मां से उत्पन्न होने वाले बच्चों में एचआईवी फैलने की खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित लोगों के साथ हाथ मिलाने, साथ सोने, खाना खाने एवं उनके साथ काम करने से एचआईवी नहीं फैलता है। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमित लोगों के साथ दुर्व्यवहार करना कानूनन अपराध है। उन्होंने एचआईवी से बचने के विभिन्न तरीकों को विस्तार पूर्वक बताया। मौके पर अनिल पांडेय, संतोष कुमार, रंजीत सिंह, कामेश्वर सिंह, मनोज कुमार, कुलदीप यादव, अनूप लाल, जाहिद अंसारी, प्रवीण कुमार, पिंटू कुमार, अरुण शर्मा, नवीन सिंह, संतोष कुमार, नितेश पांडेय, विपिन कुमार, अमित कुमार शर्मा, तुलसी यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## गावां बीडीओ के द्वारा बंद नही किया गया कमीशनखोरी तो होगा भूख हड़ताल : राजकुमार यादव

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां, गिरिडीह : गावां प्रखण्ड में मनरेगा योजनाओं में पदा. धिकारियों के द्वारा कमीशन लिए जाने का मामला आजकल सुर्खियों में है। गावां में बीडीओ खुलेआम पशुशेड, डोभा, तालाब मिट्टी मोरम सड़क निर्माण आदि योजनाओं को अ०नलाइन करने के नाम पर खुलकर राशि वसूल रहे हैं। योजनाओं की स्वीकृति के लिए जो पैसा देता है उसका योजना अ०नलाइन कर दिया जाता है और जो लाभुक पैसे देने में असमर्थ हैं उनके कागजात को महीनों तक लटकाकर रखा जाता है। पंचायती राज व्यवस्था में योजनाओं की स्वीकृति मुखिया पंचायत सेवक, रोजगार सेवक हस्ताक्षर से लिया जाता है लेकिन उक्त पंचायत पदाधिक. ारियों के हस्ताक्षर होने के बा. वजूद भी बीडीओ ने आदेश जारी कर रखा है कि रेकड़ में उनके हस्ताक्षर के बिना अ०नलाइन इंट्री नहीं कि जाएगी। जिसके कारण जरूरतमंद लाभुक भी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भाकपा माले के पूर्व विधायक राज. कुमार यादव ने उपायुक्त को पत्र लिखकर गावां, तीसरी के बीडीओ संतोष प्रजापति द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि गावां में बीडीओ खुलेआम योजनाओं के इंट्री के लिए पैसा मांगते हैं और जो पैसा देता है उसका काम होता है और पैसा नही देने वाले लाभुक प्रतिदिन प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर लगाते नजर आते हैं। आवेदन में कहा गया है कि पशुशेड में 20 हजार, डोभा में 5000 रुपये व तालाब में 10000 रुपये की मांग की जा रही है। कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष 7 दिनों तक धरना दिया गया था। आश्वासन के बाद धरना तोड़ा गया परंतु एक भी मांगे पूरी नहीं हुई। अगर इसमें सुधार नहीं लाया गया तो आगामी 25 फरवरी विधानसभा सत्र के शुरू होने के साथ ही समाहरणालय के समक्ष भाकपा माले के हजारों कार्यकर्ता, मजदूर, किसान भूख हड़ताल करेंगे।




## चिकित्सा प्रभारी ने किया गावां अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड०क्टर चंद्रमोहन प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार को अस्पताल प्रबंधन समिति के सदस्यों का एक बैठक किया गया। बैठक में अस्पताल में आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने और आवश्यक कार्यों को पूरा करवाने पर सहमति बनाई गई। ड०क्टर चंद्रमोहन प्रसाद ने अस्पताल में हो रहे परेशानियों को समिति के सदस्यों के बीच रखा और समाधान को लेकर चर्चा किया। कहा की कुछ कर्मीयों के द्वारा काफी लापरवाही बरतने से यहां काफी दिक्कत हो रही है। इस पर उप. स्थित सभी जनप्रति. निधियों ने कहा की वैसे लोगों को जल्द जल्द से अस्पताल से हटाने का काम करें, इसके लिए हम सभी आप के साथ हैं। मौके पर बीडीओ संतोष प्रजापति, बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, मरगूब आलम, श्रीराम यादव, नवीन यादव , मुन्ना सिंह,भगवानदास बरनवाल, कैलाश सिंह, प्रमोद बरनवाल, गंगा राणा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पिहरा में एक दिवसीय संकुल स्तरीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां, गिरिडीह : गावां प्रखण्ड अंतर्गत संकुल संसाधन केंद्र पिहरा के प्रांगण में संकुल स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया। बैठक में संयुक्त रूप से मध्य विद्यालय पिहरा संकुल एवं मध्य विद्यालय हरिहरपुर संकुल के अंतर्गत सभी सचिव ने भाग लिया। बैठक में दहर एप्प के द्वारा स्वच्छ विद्यालय पुरुस्कार का रेजिस्ट्रेशन, एसएमसी सदस्यों का ऑनलाइन विवरणी, बच्चों का आधार खाता पर जोर दिलाने आदि कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। सीआरपी अजय कुमार पंडित के द्वारा बताया गया कि मोबाइल के द्वारा आंकड़ों का संधारण किया जाए ऑनलाइन रिपोर्ट भेजा जाय। मौके पर मनीष कुमार, रविन्द्र कुमार, मुस्ताक अहमद, राजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार, धनेश्वर प्रसाद आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।